प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 33/2022)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"प्रसारण एवं केबल सेवाओं के लिए नए विनियामक ढांचे से संबंधित मुद्दे" पर भादूविप्रा परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।

नई दिल्ली, 30 मई 2022: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 07 मई 2022 को भारत में "प्रसारण एवं केबल सेवाओं के लिए नए नियामक ढांचे से संबंधित मुद्दे" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 मई 2022 और प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 जून 2022 निर्धारित की गई थी।

2. उपर्युक्त परामर्श पत्र पर टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय के विस्तार के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि क्रमशः 06 जून 2022 और 13 जून 2022 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, ईमेल आईडी advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी एंड सीएस) से दूरभाष क्रमांक. +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा